डी.ए.वी. मॉडल स्कूल
सैक्टर–15ए, चण्डीगढ़

<u>प्रेस नोट</u>

डी.ए.वी. मॉडल स्कूल, सैक्टर–15ए, चण्डीगढ़ में दिनांक 22.9.2015 को मान सम्मान समारोह मनाया गया। इस समारोह में कक्षा के.जी. तक के बच्चों के दादा–दादी, नाना–नानी का तिलक लगा कर स्वागत किया गया। इस उपलक्ष में हवन किया गया जिसमें प्रिंसिपल अनुजा शर्मा ने आए हुए अतिथियों को हवन में आहुति डालने के लिए आमंत्रित किया। इस मौके पर म्यूज़िक अध्यापिकाओं ने भजन पेश किए। कक्षा दूसरी के बच्चों ने अपने शब्दों द्वारा दादा–दादी और नाना–नानी के प्रति अपना प्यार दर्शाया। सैक्टर–15 के रेज़िडेंट वेलफेयर एसोसियशन के प्रधान श्री शर्मा और महिला आर्य समाज की प्रधान श्रीमती सामा ने स्कूल के इस प्रयत्न की सराहना करते हुए उसकी उन्नति की कामना की। हवन उपरान्त कॉरडीनेटर श्रीमती हेमा पुंज ने अतिथियों का धन्यवाद किया और प्रसाद वितरण किया गया।